भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3357

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित अस्पताल परियोजना

†3357. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या श्रीकालाहस्ती और गूडूर स्थित क्षेत्रीय अस्पतालों सहित तिरुपति संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वित्तपोषित क्षेत्रीय अस्पताल के निर्माण, उन्नयन या अवसंरचना विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, यदि हां, तो प्रत्येक परियोजना की वर्तमान वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित क्षेत्रीय अस्पतालों की कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कितनी परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विलंब, यदि कोई हुआ हो, जिला-वार कारण क्या हैं; और

(ग) तिरुपति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा सहित लंबित नाबार्ड वित्तपोषित क्षेत्रीय अस्पताल परियोजनाओं के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, श्रीकालाहस्ती स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल (एएच) के सुदृढ़ीकरण का कार्य राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अंतर्गत 12 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया था। उक्त कार्य पूर्ण कर संबंधित उपयोगकर्ता विभाग को

हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, तिरुपति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गुडूर स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल (एएच) के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी नाबार्ड के अंतर्गत 21 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया था।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश के 44 अस्पतालों में नाबार्ड से वित्तपोषित 46 परियोजनाओं का जिला-वार विवरण, जिसमें तिरुपति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित परियोजनाएँ भी सम्मिलित हैं, **अनुलग्नक** में संलग्न है।

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित अस्पताल परियोजनाओं का जिला-वार विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	प्रशासनिक स्वीकृति (करोड़ रुपये)
1	श्रीकाकुलम	नरसन्नापेटा में 50 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
2		सीतामपेटा में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	19.07
3		राजाम स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल (एएच) का सुदृढ़ीकरण	6.80
4		पलकोंडा क्षेत्रीय अस्पताल में सी.सी. सड़कें, लिफ्ट, चारदीवारी एवं अतिरिक्त भवन जैसी सुविधाओं का निर्माण	3.00
5	विजयनगरम	गजपतिनगरम में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	17.00
6		एस-कोटा में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
7	पार्वतीपुरम मन्यम	सालूर में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	17.00
8	अनकापल्ली	नरसिपटनम स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	8.85
9	एएसआर	राम्पाचोडावरम में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
10		चिंतापल्ली में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 50 बिस्तरों में उन्नयन	3.00
11		चिंतापल्ली में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	22.00
12	विशाखापत्तनम	अगनमपुडी में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	16.50
13	काकीनाडा	तुनी स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	10.20
14	कोनसीमा	अमलापुरम स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	5.76
15		रामचंद्रपुरम स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	6.78
16	पूर्वी गोदावरी	अनपर्थी में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी अस्पताल का 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल भवन में उन्नयन	13.85
17	पश्चिम गोदावरी	भीमावरम में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	10.15
18		ताडेपल्लीगुडेम स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	11.22
19		पलाकोल में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
20	एलुरु	नुजविद स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	21.15
21		नुजविद स्थित क्षेत्रीय अस्पताल के ब्लॉक-बी एवं ब्लॉक-सी की चौथी मंजिल के शेष निर्माण कार्य	4.00
22		जंगारेड्डीगुडेम में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	9.19
23	कृष्णा	गुडिवाडा स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	10.28
24	एनटीआर	नंदीगामा के 50 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल में उन्नयन	26.80
25	बापटला	बापटला स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का उन्नयन	3.50

26	पलनाडु	सत्तेनापल्ली में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	7.00
27		नरसरावपेट स्थित 200 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का जिला अस्पताल में उन्नयन	57.00
28	प्रकाशम	गिद्दलूर में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	24.00
29		येर्रागोंडापलेम में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	23.25
30	नेल्लोर	कंदुकूर स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	7.78
31		कावली स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	15.00
32	तिरुपति	गुडूर स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	21.00
33		श्रीकालहस्ती स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	12.00
34	चित्तूर	पुंगनूर स्थित 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का सुदृढ़ीकरण	5.50
35		पालमनेरु स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	16.00
36	अन्नामय्या	पिलेर के 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल में उन्नयन	24.00
37	सत्य साई	कदिरी स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	17.85
38		मदकसिरा में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	23.00
39		धर्मावरम में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
40	अनंतपुरम	रायदुर्गम में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	17.00
41		गुंतकल स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	13.35
42		ताडीपत्री में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	24.00
43	कुरनूल	येम्मिगनूर में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	12.60
44		अदोनी स्थित 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का सुदृढ़ीकरण	10.48
45	नंद्याल	बनगानपल्ली में 50 बिस्तरों वाले सीएचसी का 100 बिस्तरों में उन्नयन	22.00
46		ढोने में 100 बिस्तरों वाले क्षेत्रीय अस्पताल का निर्माण	26.00

*****